




नवभारत 08
इंदौर, शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025


## एक नजर में

### सज गया बाजार, आज मनेगी धनतेरस



**खरगोन, निप्र।** शहर बाजारों में दुकानदारों ने धनतेरस के लिए तैयारी कर ली है और दुकानों पर नई और आधुनिक वैरायटियों का इलेक्ट्रिक सामान और बर्तनों की नई ग्राहकों को लुभा रही है। बड़ी संख्या में लोग दिवाली पर्व के लिए गहने, कपड़े, वाहन और बर्तन खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। इलेक्ट्रानिक्स, ज्वेलरी, मिठाई समेत अन्य दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में लगे हुए है। बर्तन की दुकानों पर सबसे अधिक भीड़ होती है। क्योंकि धनतेरस पर बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। बर्तन की दुकानों पर लोग तांबे और स्टील के कलश के अलावा पीतल की थाली को पसंद कर रहे हैं। गहनों की दुकानों पर पहुंचे ग्राहक लक्ष्मी .गणेश बने सिक्कों की मांग कर रहे हैं। व्यापारियों को भी इस बार अच्छे व्यापार की उम्मीद है।

### रोटरी क्लब ने बस्ती के बच्चों को बांटे उपहार



**खरगोन, निप्र।** रोटरी क्लब खरगोन ने शहर के मोतीपुरा बस्ती के बच्चों की दिवाली खास बनाने के लिए आंगनवाड़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान बस्ती के बच्चों के चेहरों पर खुशियों की अनोखी मुस्कान देखने को मिली, जब उन्हें पूजन सामग्री, पटाखे, मिठाई और उपहार भेंट किए गए। क्लब पदाधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति और सहयोग से यह कार्यक्रम आनंद और सेवा का अद्भुत संगम बन गया। इस अवसर पर क्लब से अध्यक्ष गोल्डी चावला, सचिव डॉ. लवेश राठौड़, प्रोजेक्ट चेयरमैन विशाल जायसवाल, डॉ. शुभम महाजन, काका सिंह छाबड़ा, हरप्रीत सिंह भाटिया उपस्थित आदि थे।

### काव्य संध्या में वाल्मीकि से निराला तक पहुंचे कवि

**खरगोन, निप्र।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला इकाई ने सरस्वती कॉलोनी स्थित जिलाध्यक्ष राजकुमार अत्रे निवास पर काव्य संध्या का आयोजन किया। वाल्मीकि जयंती, विजयादशमी एवं शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित काव्य संध्या में अध्यक्ष अत्रे ने संघ शताब्दी वर्ष एवं पंच परिवर्तन आधारित समाज में परिवर्तन के लिये कार्य करने की बात बताई गई। मुख्य अतिथि साहित्यकार दिलीप कर्पे ने काव्य गोष्ठी का महत्व बताते हुए कहा कि हर साहित्यकार की रचनाओं में सुधार काव्य गोष्ठी में ही होता है। जिला शासकीय ग्रंथालय के ग्रंथपाल सौरभ चंदेल ने सभी साहित्यकारों को



जिला शासकीय ग्रंथालय से जुडने का आग्रह किया। काव्य गोष्ठी का संचालन करते हुए कांताप्रसाद प्रसाद कमल ने अपने शानदार मुक्तकों से सभी कवियों को आमंत्रित करते हुए सभी कवियों को रचना पाठ कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपीकिशन शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. लवेश राठौड़ थे। अतिथियों द्वारा देव आराधना के बाद आरती डोंगरे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुकेश बार्चे, मोहन परमार, वीरेन्द्र दसौंधी, राकेश गीते, ब्रजमोहन चौरे, डॉ. दीपक दशोरे, डॉ. पुष्पा पटेल, डॉ. कीर्ति जैन, साहित्यिक जोड़ी अजय विजय मुजाल्दे, सच्चिदानन्दस्वरूप गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, हेमंत बोर्डिया, सत्यम अत्रे सभी कवियों ने राम विजयादशमी दीपावली पर शानदार रचना पाठ किया। इस अवसर पर वंदना अत्रे, शिवानी अत्रे, सुनीता पुरे, जितेन्द्र शर्मा उपस्थित थे।

### अहीरखेड़ा स्कूल के 11 विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं दो का शालेय राज्य के लिए चयन



**अंदड़।** म प्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं जन जातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा जारी वर्ष 2025-26के खेल कैलेंडर अनुसार जिला एवं क्षेत्र स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता अहीरखेड़ा में आयोजित की गई। जिला एवं क्षेत्र स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता अहीरखेड़ा में आयोजित होने के बाद खिलाड़ी विद्यार्थियो का विभागीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता मंडला एवं खालवा में हुई। उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी विद्यार्थियो में संस्था की। 19 वर्ष सीनियर टीम में रवीना बेचान, रानू सुरजीत, चेतना रघुवीर, प्रियंका महेंद्र, रोशन गोविंद, संजय कमल, लक्की छगन एवं 14 वर्ष मिनी वर्ग में नंदिनी महेश, रोहन प्रेमलाल, राज नरसिंह, लक्ष्मी मोहन का चयन होने पर स्कूल परिवार द्वारा शुभकामनाएं देकर संस्था प्राचार्य श्री सुरेन्द्र सिंह पंवार ने राज्य स्तर पर जीत हासिल करने के बाद 02 बालिकाओं चेतना रघुवीर का सीनियर वर्ग एवं नंदिनी महेश का मिनी वर्ग में शालेय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन होने पर शुभकामनाएं दी।

### स्कूल में धूमधाम से मनाई दीपावली

**सनावद, निप्र।** प्राथमिक विद्यालय आली बुजुर्ग में दीपावली का पर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर स्कूल परिसर में दीये सजाए और उत्सव की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षक अखिलेश दुबे के नेतृत्व में स्वल्पाहार के साथ हुई, जिसके बाद बच्चों ने आतिशबाजी का आनंद लिया। स्कूल की छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर उत्सव में रंग भरे। इस अवसर पर शिक्षक धनसिंह सोलंकी, सुंदरलाल बिरला और राजेंद्र रावत भी उपस्थित रहे। शिक्षक अखिलेश दुबे ने बताया, 'हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ सभी सांस्कृतिक और धार्मिक त्योहारों को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है, ताकि बच्चों में सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास हो।' कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को पटाखे वितरित किए गए, जिससे उनकी खुशी दोगुनी हो गई। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए यादगार रहा, बल्कि स्कूल के सामुदायिक जुड़ाव और सांस्कृतिक उत्सव के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

# कृषि उपज मंडी में किसानों का हंगामा

## खंडवा-बड़ौदा हाइवे किया जाम, किसानों ने नीलामी रुकवाई




अरविंद जैन

**भीकनगांव।** मक्का, सोयाबीन का भाव कम होने से नाराज़ किसानो. ने खंडवा बड़ौदा हाइवे जामकर मंडी में भी काफी हंगामें बाजी की किसानों का कहना था कि जो मक्का कल 1600 से 1800 के भाव बिक रही थी आज उसे ही हजार से 1200 के भाव में व्यापारी खरीद रहे हैं जिससे हमारा नुकसान हो रहा है समर्थन मूल्य से भी कम भाव पर मक्का और सोयाबीन बिकने से हमारा शोषण हो रहा है कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि कृषि उपज मंडी में सेवानिवृत कर्मचारी व्यापारियों के बीच हस्तक्षेप कर किसानों के हक नुकसान कर रहा है जबकि उसका मंडी में कोई रोल नहीं होना चाहिए। लगभग ढाई घंटे जाम रहे खंडवा बड़ौदा हाईवे पर जब पुलिस प्रशासन और अधिकारी पहुंचे उन्होंने किसानों को समझने की कोशिश की इसी बीच किसान नेता एवं जनपद सदस्य शांतिलाल मुकाती भी वहां पहुंचे उन्होंने किसानों को समझाइश देकर चक्का जाम को खत्म करने में सराहनीय भूमिका निभाई। रिटायर्ड कर्मचारी को अनावश्यक हस्तक्षेप करने पर उसके विरुद्ध कार्यवाही करने की किसानों ने मांग. की।

### आदित्य विद्या विहार हासे स्कूल की छात्रा ने अबेकस में राष्ट्रीय स्तर पर बाजी मारी

**खरगोन, निप्र।** समस्या को पहली बार में करने से डरो नही क्योंकि सफल गणित की शुरूआत भी जीरो से ही होती है। यह बात शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था आदित्य विद्या विहार हायर सेकण्डरी स्कूल खंडवा रोड़ के संचालक एवं सीए अनिल रघुवंशी ने अमेजिंग किड्स अबेकस द्वारा नागपुर में हुई इंटरनेशनल अबाकस रोबोटिक सेंटर की ओर से आयोजित नेशनल परीक्षा परीक्षा में विद्यालय का नाम गौरान्वित किये गये छात्रा के सम्मान में कही। विद्यालय की छात्रा वंशिका कोठारी ने अपनी उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आकर जीत की ट्रॉफी हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालयीन छात्रों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहलहाने के बाद विद्यार्थी अब वर्ष 2026 में अंतराष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया के कालालपुर सिटी में जाकर देष व विद्यालय का नाम रोशन करने के तत्पर है। विद्यालय संचालक पुरूषोत्तम रघुवंशी, प्राचार्य अमन सचान ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# लापरवाह प्राचार्यो को नोटिस दें



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री आकाश सिंह की उपस्थिति में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाग्रह में शिक्षा विभाग, जनजाति कार्य विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान की विभागीय योजनाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रवृत्ति प्रोफाइल अपडेट, वन टाइम रजिस्ट्रेशन जनरेट करना, छात्रवृत्ति के फेल खातों को अपडेट करना, शाला से बाहर बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश, डुप्लीकेट छात्रों की सूची बनाना एवं विलोपन करना तथा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए नियमित स्कूल संचालित करना एवं सभी कर्मचारियों की उपस्थिति ऐप के माध्यम से दर्ज करने एवं वेतन भुगतान सुनिश्चित करने निर्देश विकासखण्ड शिक्षा अघिकारी व विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को दिए गए। साथ ही लापरवाही करने वाले प्रभारी प्राचार्यों को सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं स्त्रोत समन्वयक को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने, शालाओं की नियमित मॉनिटरिंग जिला, विकासखंड स्तर पर एवं जनशिक्षा केंद्र स्तर पर करने तथा नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा विकासखंड बड़वाह एवं भगवानपुरा के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर उन्हें सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक को एफएलएन की नियमित मॉनिटरिंग एवं पोर्टल पर प्रविष्टि करने के निर्देश दिए गए। सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री इकबाल आदिल हुसैन एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री खेमराज सेन उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने स्पेशल कैम्पैन 5 .0 के अंतर्गत कलेक्टोरेट का किया निरीक्षण

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में ई-दक्ष केन्द्र का किया लोकार्पण



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने 17 अक्टूबर को 'स्पेशल कैम्पैन 5.0'' के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित सभी कक्षों का निरीक्षण कर साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने पुराने रिकार्ड का डिजिटलीकरण करने, पुराने फर्नीचर, रिकॉर्ड व अन्य सामग्रियों की स्थिति जानी और अनावश्यक वस्तुओं का निस्तारण कर व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिस कक्ष में गंदगी या अव्यवस्था पाई गई वहां उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कार्यालय में रखे अभिलेखों का भी अवलोकन किया तथा सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष से कार्यालय की गतिविधियां भी देखी। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय शासकीय सेवकों के प्रशिक्षण की सुविधा हेतु ई-दक्ष सह प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। ई-दक्ष सह प्रशिक्षण केन्द्र के होने से खरगोन जिले अंतर्गत समस्त शासकीय सेवकों की कार्य कुशलता एवं अन्य सेवाओं पर प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही आई0टी0 क्षेत्र में भी बढ़ावा देने की एक अच्छी पहल सिद्ध होगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार आगास्या सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


# छात्राओं ने बनाई मनमोहक विशाल रंगोली

**कसरावद, निप्र।** शुक्रवार को महर्षि वेद व्यास पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में कक्षा 6 टी से 12 वीं के छात्र छात्राओं ने नयनाभिराम रंगोली बनाई तथा कक्षा 1 से कक्षा 5 ह्ल्द्ध के विद्यार्थियों ने आकर्षक दीप सजाये। कक्षा 10 वी की छात्राओं ने महर्षि वेद व्यास जी का चित्र रंगोली से बनाया। आकर्षक एवं शानदार रंगोली बनाने में विद्यार्थी कु राधिका यादव, अंशिका, वंशिका राठौर, वंशिका, मानसी कुशवाह, प्रतिज्ञा यादव ,तुलसी गोयल, तेजस्विनी आदि महर्षि जी की विशाल रंगोली में सहभागी थे। कक्षा 6 एवं 7 ह्ल्द्ध ,8ह्ल्द्ध के छात्र छात्राओं ने आकर्षक दीपावली शुभकामना काड्र्स तथा दिया सजाओ प्रतियोगियों में भाग लिया। छात्रा कु विभूति चौबे, काशवी व्यास,दीक्षा पगारे , संध्या सोलंकी आदि ने दिया सजाओ में शानदार दीप सज्जा की। शिक्षिका श्रीमती भाटी मेम , भूमिका, पायल कुशवाह , सारिका हार्डिया चेतना कुशवाह , अंजलि पटेल , कविता श्रीवास, निशा वर्मा आदि ने बच्चों को रंगोली एवं दीप सज्जा में सराहनीय योग दान किया। संस्था के डायरेक्टर्स निलेश व्यास , ब्रजेश कुमार व्यास, राजेश व्यास ने सभी पालकों , शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों को दीपावली पर्व को हार्दिक बधाई दी।



# नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

**मंडलेश्वर, निप्र।** पॉक्सो अदालत मंडलेश्वर के विशेष न्यायाधीश रवि झारोला द्वार एक 16 वर्षीय नाबालिक लड़की का अपहरण कर महाराष्ट्र ले जाकर बलात्कार करने के आरोप में एक आरोपी को दोष सिद्ध किया है।अभियुक्त दयालु पिता सोम्मार उम्र 28 वर्ष निवासी बन्हेर थाना बिष्टान जिला खरगोन को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 में 20 वर्ष और धारा 366 में पांच वर्ष के कठोर कारावास पॉक्सो एक्ट की धाराओं 5 (जे) (द्बद्ब), धारा 5 (एल)सहपाठित धारा 6, धारा 3 सहपाठित धारा 4(द्बद्ब) में 20 - 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं कुल 9000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक पी एस अलावा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि घटना दिनांक 07 नवंबर 2022 सुबह 11 बजे की है जब लड़की स्कूल के लिए निकली और शाम तक नहीं लौटी तो परिजनों ने काफी तलाश की दूसरे दिन थाना कसरावद में इसकी रिपोर्ट दर्ज की गई थी।



**एक नजर** दूध, मिठाई, मावा, नमकीन, बेसन और गुलाब जामुन के नमूने लेकर जांच के लिए भेजा

# दीपावली पर्व पर खाद्य सुरक्षा विभाग की 10 प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार जिले में दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए 17 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा ग्रामीण अंचलों में मिठाई एवं दुग्ध उत्पाद विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण कर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा 10 प्रतिष्ठानों से दूध, मिठाई, मावा, नमकीन, बेसन और गुलाब जामुन सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एचएल आवास्या ने बताया कि गोगावां स्थित जम-जम स्वीट्स एवं एवरफ्रेश से मावा एवं दूध के तथा अजूबा दूध डेयरी से मावा




एवं मिल्क केक के नमूने लिए गए। इसी प्रकार बिस्टान क्षेत्र में श्री बालाजी राजस्थान स्वीट्स से मावा, नमकीन एवं मावा मिठाई; मां भगवती होटल से मावा एवं बेसन और आदर्श होटल से मावा मिठाई एवं मैदा के नमूने संग्रहित किए गए। सनावद में अनिल लस्सी एवं दूध डेयरी से मावा एवं पनीर, अजय दूध डेयरी से मावा, श्रीनाथ मावा एवं दूध भंडार से मावा एवं गुलाब जामुन, श्री बाबाश्री रेस्टोरेंट से पेड़ा एवं मिल्क केक तथा आनंदश्री दूध भंडार से मावा के नमूने लिए गए।

आवास्या ने बताया कि सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। जांच उपरांत संबंधित विक्रेताओं एवं निर्माताओं पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण एवं कार्यवाही आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.आर. सोलंकी एवं एन.एस. सोलंकी उपस्थित रहे।